# डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम
## द्वारा संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम

ईमेल– deanratlam@gmail.com वेबसाइट– www.gmcratlam.org

कार्यालय दूरभाष नंबर:– 07412–284226 पिनकोड:– 457001


DONATE ORGAN – SAVE LIFE

अंगदान करें–जीवन बचाएँ

क्रमांक: 1019 /जी.एम.सी./2025 रतलाम, दिनांक:– 12 /08/25

विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में (अंतरिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2024–25

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम के अंतर्गत सत्र 2024–25 के लिए विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं। आवेदक को 12वीं (10+2) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से बायोलॉजी विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक हैं। उक्त पाठयक्रमों में प्रवेश 12वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी विषयों में प्राप्त अंकों की मैरिट (प्रावीण्य सूची) के आधार पर दिए जांएगें। आवेदक की 12/08/2025 की स्थिति में न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। पाठ्यक्रमो की विस्तृत जानकारी विवरणीका में उपलब्ध होगी।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट | पाठ्यक्रम अवधि | उपलब्ध सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन | डिग्री | 03 वर्ष | 20 |
| 2 | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | डिग्री | 02 वर्ष | 20 |
| 3 | ऑप्टोमेट्रिस्ट रिफ्रेक्शन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 4 | एनेस्थीसिया टेक्नीशियन | डिप्लोमा | 01 वर्ष | 10 |
| 5 | ओ.टी. टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट | 01 वर्ष | 10 |
| 6 | ऑर्थो टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट | 01 वर्ष | 10 |
| | | | कुल सीटों की संख्या | 80 |

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर आरक्षण का लाभ म.प्र. शासन के नियमानुसार (केवल म.प्र. के मूल निवासी को ही देय होगा)। प्रत्येक वर्ग में क्षैतिज रूप से 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी। पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध सीटों में आरक्षित श्रेणीयों के आवेदकों हेतु अनुसूचित जनजाति–20 प्रतिशत, अनुसूचित जाति–20 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग–14 प्रतिशत, EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)–10 प्रतिशत सीट आरक्षित है। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश राज्य के स्थानीय निवासी है, उनके लिए पांच प्रतिशत (5%) सीट नियमानुसार आरक्षित है। यह आरक्षण क्षैतिज (हॉरिजोन्टल होगा।

नियमित सेवारत शासकीय कर्मचारियों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 10 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगी।

उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणिका मय आवेदन पत्र डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर दिनांक 12/08/2025 से उपलब्ध होंगे। प्रवेश एवं काउंसलिंग से संबधित समस्त जानकारी का अवलोकन समय–समय पर कॉलेज की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर उपलब्ध रहेगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मय संलग्नकों के एवं देय शुल्क राशि रूपये 500/– (सामान्य वर्ग) एवं रूपये 300/– (आरक्षित वर्ग) डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं। डिमांड ड्राफ्ट New Government Medical collage Autonomous Society Ratlam के नाम जो की State Bank of India Government Medical collage Ratlam Branch IFSC Code- SBI0061542 में देय होगा। बैंक डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति संलग्न नहीं होने पर आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।

आवेदक पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25/08/2025 सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है, उक्त समयावधि पश्चात आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

नोट :–

1. वरीयता सूची एवं काउंसलिंग कार्यक्रम की जानकारी विवरणिका में उपलब्ध रहेगी।
2. उपरोक्त पाठ्यक्रम में से किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या कम ज्यादा का अधिकार संस्था का रहेगा।
3. यदि अपरिहार्य कारणों से काउंसलिंग की तिथिया परिवर्तित/स्थगित होती हैं तो उसकी सूचना वेबसाइट/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी।

Anila Mutha

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

डॉ. एल.एन.पी. जी.एम.सी. रतलाम (म.प्र.)

DEAN & CEO

Dr. L.N.P. Govt. Medical College

Ratlam (M.P.)

Scanned with OKEN Scanner